# राजस्थान करंट अफेयर्स 2025

## 21 अक्टूबर 2025



GK Search Engine
SUBSCRIBE
Follow us:



Praveen Kumar Sharma
GK Search Engine
Rajasthan Current Affairs
by GK Search Engine
GET IT ON Google Play
Download App
GK Search Engine
GK Search Engine
GK Search Engine



Yesterday, Quiz:

## Q. धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान में राजस्थान ने देशभर में कौनसा स्थान प्राप्त किया?

**(A) पहला**
(B) दूसरा
(C) तीसरा
(D) इनमें से कोई नही

- *धरती आबा अभियान में राजस्थान प्रथम स्थान पर*
- *राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने दिल्ली में आयोजित आदि कर्मयोगी अभियान के नेशनल कॉन्क्लेव में ACS (जनजाति विकास विभाग) कुंजीलाल मीणा को सम्मानित किया।*
- *यह सम्मान धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान में राजस्थान के देश में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर दिया गया।*
- *इस अभियान के तहत जनजाति बहुल क्षेत्रों में विकास कार्य, सेवाओं की समय पर डिलीवरी और शिकायत निवारण प्रणाली को प्रभावी बनाया गया।*

## Yesterday Revision

1. हाल ही में PMI इलेक्ट्रो मोबिलिटी सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड इलेक्ट्रिक बस निर्माण की यह पहली इकाई राज्य में कहां विकसित कर रही है?:- घीलोठ औद्योगिक क्षेत्र (नीमराना, अलवर)

2. प्रधानमंत्री कुसुम योजना के अंतर्गत राजस्थान कंपोनेंट-ए में देश में कौनसे स्थान पर है :- पहले

3. हाल ही में किसके द्वारा राजस्थान के बाड़मेर की रूमा देवी को 'यंग कंट्री अवॉर्ड' से सम्मानित किया?:- पीयूष गोयल

4. राजस्थान से किसे ब्रिटिश संसद में ग्लोबल ब्रिलियंस फोरम समिट एवं अवॉर्ड्स 2025 के दौरान 'आउटस्टैंडिंग स्टूडेंट अचीवमेंट' अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है?:- शांतनु राव

5. राज्य में उद्यमिता एवं नवाचार को प्रोत्साहन के लिए आइडियाथॉन 2.0 का आयोजन कब किया जाएगा?:- 3 नवम्बर

01. हाल ही में यात्री सुविधाओं में बढ़ोतरी के लिहाज से ट्रेन में एसी कोच में सांगोनर-बगरू प्रिंटेड कंबल कवर देने की शुरुआत कहां से हुई है?



(A) खातीपुरा रेलवे स्टेशन

(B) नई दिल्ली रेलवे स्टेशन

(C) गांधीनगर रेलवे स्टेशन

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

- केंद्रीय रेल, सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने 16 अक्टूबर को जयपुर के जगतपुरा स्थित खातीपुरा रेलवे स्टेशन पर दिए।
- इस मौके पर उन्होंने दिवाली पर्व से पहले यात्री सुविधाओं में बढ़ोतरी के लिहाज से ट्रेन में एसी कोच में सांगोनर-बगरू प्रिंटेड कंबल कवर देने की शुरुआत की। पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर सबसे पहले जयपुर असरवा (अहमदाबाद) ट्रेन के एसी श्रेणी में यह सुविधा शुरू हुई है।
- विभिन्न सुविधाओं का 65 स्टेशनों पर लोकार्पण किया गया है। स्टेशनों पर डिजिटल साइन बोर्ड व कोच पोजिशन डिस्प्ले सिस्टम लगाए गए हैं। इसके साथ ही कई स्टेशनों पर एकीकृत यात्री सूचना प्रणाली सिस्टम भी शुरू किया है।

02. हाल ही में बहरीन में आयोजित होने वाले एशियन यूथ खेलों के लिए मुआईथाय गेम्स में राजस्थान के कितने खिलाड़ी हिस्सा लेंगे?

(A) 4

(B) 5

(C) 9

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

⭕ ओलम्पिक काउंसिल ऑफ एशिया की ओर से 22 अक्टूबर से बहरीन में एशियन यूथ गेम्स का आयोजन हो रहा है।

⭕ इसमें मुआईथाय गेम्स के लिए देश से 9 खिलाड़ियों का चयन हुआ है और इसमें भी चार राजस्थान के बच्चे हैं। अन्तरराष्ट्रीय खिलाड़ियों में जयपुर से विधि शर्मा, मोहिनी सामरिया, मुदित गुप्ता और जालौर से हर्षिता है।

⭕ चयनित भारतीय मुआईथाय दल श्रीराम चौधरी के नेतृत्व में बहरीन के लिए 21 अक्टूबर को रवाना होगा। 11 सदस्यीय भारतीय मुआईथाय दल में 9 खिलाड़ी, एक कोच, एक महिला मैनेजर शामिल है। खिलाड़ियों में 6 बालिका और 3 बालक हैं

03. राजस्थान का कौनसा संस्थान क्वालिटी काउंसिल आफ इंडिया (QCI) रैंकिंग में देशभर में प्रथम स्थान पर है?

(A) राजकीय आयुर्वेद महाविद्यालय, बीकानेर

(B) राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान जयपुर

(C) डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय, जोधपुर

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

- 180 आयुर्वेद संस्थानों में से राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, जयपुर को क्वालिटी काउंसिल आफ इंडिया की रैंकिंग में ए ग्रेड मिला है
- शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और अनुसंधान में सर्वोच्च गुणवत्ता के लिए सम्मानित, राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान ने NCISM-QCI रैंकिंग में लगातार दूसरे वर्ष देश में पहला स्थान प्राप्त किया,
- पूरे देश में आयुर्वेद संस्थानों की गुणवत्ता का निरीक्षण क्वालिटी काउंसिल ऑफ इंडिया (QCI) की ओर से कराया जाता है.
- यह संस्था भारत में गुणवत्ता आकलन की सर्वोच्च इकाई है. यह शैक्षणिक व्यवस्थाओं, प्रयोगशालाओं, इंफ्रास्ट्रक्चर, रोगी सेवा और चिकित्सकों की दक्षता का मूल्यांकन करती है.

04. ड्यूटी के दौरान शहीद हुए पुलिसकर्मियों के सम्मान में राजस्थान पुलिस अकादमी, जयपुर में पुलिस शहीद दिवस कब मनाया जाएगा?

(A) 21 अक्टूबर

(B) 31 अक्टूबर

(C) 26 अक्टूबर

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

- ड्यूटी के दौरान शहीद हुए पुलिसकर्मियों के सम्मान में हर साल की तरह 21 अक्टूबर को पुलिस शहीद दिवस मनाया जाएगा।
- इस दौरान राजस्थान पुलिस अकादमी, जयपुर में आयोजित होने वाले मुख्य कार्यक्रम में में 1 सितम्बर 2024 से 31 अगस्त 2025 के मध्य शहीद हुए पुलिसकर्मियों को श्रद्धांजलि दी जाएगी।
- 21 अक्टूबर का दिन भारतीय पुलिस इतिहास में सर्वोच्च बलिदान का प्रतीक है। 66 वर्ष पहले 21 अक्टूबर 1959 के दिन लद्दाख के अत्यंत दुर्गम क्षेत्र में भारतीय पुलिस के जाँबाज जवानों ने अपनी मातृभूमि की रक्षा करते हुए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए थे।
- जवानों की शहादत को याद करने और उनके बलिदान से प्रेरणा ग्रहण करने के लिए पूरे देश में प्रत्येक वर्ष 21 अक्टूबर को पुलिस शहीद दिवस मनाया जाता है।

05. हाल ही में किस राज्य सरकार द्वारा वन डिस्ट्रिक्ट वन डेस्टिनेशन योजना शुरू की गई है?

(A) हरियाणा

(B) राजस्थान

(C) मध्यप्रदेश

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

⭕ वन डिस्ट्रिक्ट वन डेस्टिनेशन योजना (राजस्थान)

⭕ राजस्थान पर्यटन विभाग द्वारा छोटे-छोटे जिलों के अनदेखे पर्यटन स्थलों को विश्व मानचित्र पर लाने हेतु योजना शुरू की गई।

🔷 चयनित पर्यटन स्थल –

1. चुरू – तलछप्पर धाम
2. जोधपुर – मेहरानगढ़ दुर्ग
3. पाली – रणकपुर मंदिर
4. बांसवाड़ा – त्रिपुरा सुंदरी
5. बीकानेर – देशनोक धाम
6. उदयपुर – एकलिंगनाथ व प्रपात झील (झील झरना)
7. सिरोही – माउंट आबू
8. झालावाड़ – सीतामाता वन्य जीव अभयारण्य
9. दौसा – सीताबाड़ी व भंडारेज किला
10. नागौर – खिंवसर दुर्ग
11. बाड़मेर – विरात्रा मां व टाइलवाड़ा मंदिर
12. सीकर – खाटूश्यामजी मंदिर, हर्ष भैरव मंदिर, जीण माता मंदिर

06. राजस्थान के किस जिले में 4-7 सितंबर तक "गौ महाकुंभ 2025" का आयोजन किया गया है?

(A) जयपुर

(B) जोधपुर

(C) बीकानेर

(D) इनमें से कोई नही

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

- जयपुर के विद्याधर नगर स्टेडियम में को देवराहा बाबा गौसेवा परिवार की ओर से गौ महाकुंभ 2025 का आयोजित हुआ।
- कार्यक्रम की शुरुआत पूर्व राज्यपाल कलराज मिश्र ने की थी
- उल्लेखनीय है कि 4 सितंबर से प्रारंभ हुआ यह गौ महाकुंभ 7 सितंबर तक आयोजित किया गया।
- इस महाकुंभ में भारतीय देसी नस्ल की अनेक गायें आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। साथ ही विभिन्न प्रकार के गौ आधारित उत्पादों की प्रदर्शनी भी लगाई गई है।

07. हाल ही में राजस्थान के किस जिले में 12 सितम्बर से 11 अक्टूबर तक राष्ट्रीय पोषण माह 2025 मनाया गया?

(A) जयपुर

(B) अजमेर

(C) उदयपुर

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

⭕ जयपुर जिले में 12 सितम्बर से 11 अक्टूबर तक राष्ट्रीय पोषण माह 2025 मनाया गया। इस अवसर पर जिले भर में स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधी विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गई।

⭕ राष्ट्रीय पोषण माह महिला एवं बाल विकास विभाग के साथ समन्वय कर आयोजित किया गया

⭕ इस वर्ष पोषण माह शिशु एवं छोटे बच्चों के आहार पर केंद्रित रहेगा। इसके अंतर्गत "माँ का पूर्ण स्नेह (माँ) कार्यक्रम" के तहत आशा सहयोगिनियों का आमुखीकरण किया गया।

⭕ इसके तहत 20 से 49 वर्ष की महिलाओं, 6 से 19 वर्ष के बच्चों एवं किशोर-किशोरियों का हीमोग्लोबिन परीक्षण किया जाएगा।

08. हाल ही में किसने शुष्क वन अनुसंधान संस्थान (AFARI), जोधपुर के निदेशक के रूप में पदभार ग्रहण किया है?

(A) डॉ. मुकुल कुमार गुप्ता

(B) डॉ. रवि कुमार त्रिपाठी

(C) डॉ. आशुतोष कुमार त्रिपाठी

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

- शुष्क वन अनुसंधान संस्थान (AFRI), जोधपुर के निदेशक के रूप में डॉ. आशुतोष कुमार त्रिपाठी ने 04 सितंबर, 2025 को कार्यभार ग्रहण किया है.
- इससे पहले वे वन अनुसंधान संस्थान, देहरादून के कुलसचिव के पद पर कार्यरत थे.
- शुष्क वन अनुसंधान संस्थान (Arid Forest research Institute / AFRI), जोधपुर, भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद के तहत एक प्रमुख संस्थान है, जिसकी स्थापना 30 जून 1987 को राजस्थान के जोधपुर में हुई थी.
- इसका मुख्य उद्देश्य शुष्क और अर्ध-शुष्क क्षेत्रों में वानिकी पर वैज्ञानिक अनुसंधान करना, वनीकरण के लिए तकनीक विकसित करना और जैव विविधता का संरक्षण करना है.

**09.मलेशिया में आयोजित सुल्तान जोहोर कप 2025 के फाइनल में भारत ने कौनसा पदक जीता है?**

(A) रजत पदक

(B) कांस्य पदक

(C) स्वर्ण पदक

(D) इनमें से कोई नही



**Important Facts:**

⭕ - भारत ने सुल्तान जोहोर कप 2025 में रजत पदक जीता

⭕ मलेशिया में आयोजित सुल्तान जोहोर कप 2025 के फाइनल में ऑस्ट्रेलिया से 2-1 से मामूली अंतर से हारने के बाद भारत ने रजत पदक हासिल किया।

⭕ इस परिणाम के साथ भारत टूर्नामेंट में पाँचवाँ उपविजेता रहा, पिछले दो संस्करणों में कांस्य पदक जीतने के बाद।

⭕ ऑस्ट्रेलिया ने निरंतर तीन फाइनल में हार का सिलसिला तोड़ते हुए 2022 में भारत से मिली हार का बदला ले लिया।

**10. हाल ही में केंद्र सरकार ने कितने करोड़ रुपए की लागत का कपास क्रांति कॉटन मिशन लॉन्च किया?**

(A) ₹200 करोड़

(B) ₹600 करोड़

(C) ₹400 करोड़

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

- केंद्र सरकार ने ₹600 करोड़ का कपास क्रांति कॉटन मिशन लॉन्च किया
- भारत सरकार ने प्रमुख क्षेत्रों में लंबी-छड़ी कपास की खेती और उत्पादकता बढ़ाने के लिए ₹600 करोड़ के कपास क्रांति मिशन की शुरुआत की है।
- केंद्रीय मंत्री जी. किशन रेड्डी द्वारा हैदराबाद में घोषित इस मिशन का उद्देश्य वैज्ञानिक खेती को बढ़ावा देना और नवाचार के माध्यम से कपास की खेती का आधुनिकीकरण करना है।
- महाराष्ट्र (अकोला) HDP सफलता मॉडल से प्रेरित।

**Today, Quiz:**

**Q. प्रधानमंत्री कुसुम योजना के अंतर्गत राजस्थान कंपोनेंट-ए में देश में कौनसे स्थान पर है**

(A) पहले

(B) दूसरे

(C) तीसरे

(D) इनमें से कोई नही

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**राजस्थान करंट अफेयर्स 2025 Exam Booster Course**

**GK Search Engine Mobile App**

🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷

💠 क्या मिलेगा? 👇 👇 👇 👇

✅ जनवरी से दिसम्बर 2025 राजस्थान करंट अफेयर्स व्याख्या सहित (प्रतिमाह अपडेट होगा)

🎯 2024 का पूरा राजस्थान करंट अफेयर्स (व्याख्या सहित 1000+ Question)

⬛ अन्य महत्वपूर्ण परीक्षा की दृष्टि से महत्वपूर्ण Ebook

👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇

https://www.gksearchengine.in/courses/616266



Today for tomorrow

GK Search Engine

SUBSCRIBE NOW

PRESS BELL ICON

Like

Share

FOLLOW ON INSTAGRAM

FOLLOW ON FACEBOOK

JOIN US ON TELEGRAM

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine